## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो भाईयों पर चाकू से जानलेवा हमला, एक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** आपसी विवाद के बाद रायपुर में दो भाइयों पर चाकू से आरोपियों ने जानलेवा हमला किया है। जिसमें एक भाई की मौत हो गई है। वहीं दूसरा भाई गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची खमतराई पुलिस ने युवकों को अस्पताल भिजवाया। यह पूरा मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि वारदात रविवार रात 8-9 बजे के बीच हुई है। इलाके के बदमाश बैठकर आपस में शराब पार्टी कर रहे थे। इस दौरान उनके बीच वाद विवाद हो गया। इसके बाद वहां पर खड़े दो भाइयों से भी वह उलझ गए। बदमाशों ने दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से एक भाई रवि की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे भाई मुकेश के पीठ में चाकू लगा है। चाकू लगने से वह भी बुरी तरह घायल हो गया। उसे लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। इसके बाद खमतराई पुलिस ने पूरे विवाद को शांत करवाया। इस घटना के बाद पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### शेयर में निवेश के बहाने बुजुर्ग से ठगे 31 लाख रुपए

**रायपुर (आरएनएस)।** अशोक रतन निवासी एक बुजुर्ग इंद्र मोहन सिंघल के साथ साइबर ठगों ने शेयर में निवेश करने के नाम पर साढ़े 31 लाख रुपए की धोखाधड़ी की. ठगों ने उनसे इंस्टाग्राम आईडी पर मैसेज भेज कर संपर्क किया. शेयर कारोबार की ट्रेनिंग देने के नाम पर उन्हें एक वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया. इसमें ढाई सौ से ज्यादा लोग सदस्य थे और ग्रुप एडमिन भी थे. ग्रुप में शेयर को लेकर जानकारी दी जाती थी. उन्हें बताया गया कि इस ग्रुप के जरिए निवेश करने पर काफी फायदा होगा. बुजुर्ग ठगों के झांसे में आ गए और धीरे-धीरे करके साढ़े 31 लाख रुपए ठगों के बताए एकाउंट में भेजकर फर्जी कंपनियों में निवेश किया. हालांकि उन्हें निवेश की रकम वॉट्सएप ग्रुप में ठगों द्वारा दी गई आईडी में दिखती रही. लेकिन जब उन्होंने रकम को वापस लेने का प्रयास किया तब धोखाधड़ी का पता चला. इसी तरह की एक शिकायत खम्हारडीह थाने में कचना निवासी महावीर तावणिया ने भी की है. साइबर ठगों ने स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर उनसे 6 लाख 90 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए. मोवा पंडरी और खम्हारडीह पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### दो युवकों पर चाकू से हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** दुर्गा चौक रावाभाठा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने दो भाईयों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकेश साहू 27 वर्ष रावाभाठा खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विरेन्द्र पांडे 19 वर्ष ने प्रार्थी के चाचा का लडक़ा रवि साहू 22 वर्ष पर पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने पर प्रार्थी मुकेश पर भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया। मामले में खमतराई पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### नशे में धुत्त चालक ने रोकने पर सीएसपी की गाड़ी को मारा ठोकर

**रायपुर (आरएनएस)।** ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान पुलिस ने रोकना चाहा तो चालक ने सीएसपी की गाड़ी को ठोकर मारकर फरार होने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने पीछा कर चालक को दबोचा। जानकारी के मुताबिक कार को जब्त कर चालक प्रियेश बग्गा के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार शराब सेवन कर वाहन चलाने के दौरान थाना सिविल लाइन क्षेत्र में एक्सीडेंट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी प्रियेश बग्गा पिता सुरेंद्र बग्गा उम्र 23 वर्ष निवासी फॉरेस्ट कॉलोनी के सामने पंडरी रायपुर थाना सिविल लाइन रायपुर के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 70/25 धारा 281 125 का अपराध पंजीबद्ध कर वाहन क्रमांक सीजी 7777 को जप्त कर कार्यवाही करने के साथ ही पृथक से मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी कार्यवाही किया गया।

# नेशनल पार्क मुठभेड़ में मारे गए कई कुख्यात नक्सली

- -बस्तर डिवीजन सेक्रेटरी डीवीसीएम हुंगा कर्मा एंड पीएलजीए प्लाटून नम्बर 11 कमाण्डर मंगु हेमला एवं अन्य हिंसक माओवादी मारे जाने से नक्सल आतंक से क्षेत्रवासियों को मिली बड़ी
- -मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके-47, एसएलआर, इंसास रायफल, राकेट लांचर, बीजीएल लांचर, समेत विस्फोटक पदार्थ बरामद
- -माओवादी मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के प्रधान आरक्षक नरेश धुरव एवं एसटीएफ आर बासित रावटे बहादुरी से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त
- -पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ अरूण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी., महानिरीक्षक सीआरपीएफ राकेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री महेश गगड़ा, विधायक बीजापुर वक्रम मंडावी, कलेक्टर बीजापुर संबित मिश्रा उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप , पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने दी श्रद्धांजलि



**बीजापुर-रायपुर । आरएनएस**

नेशनल पार्क में नक्सलियों से हुए मुठभेड़ में जहां सुरक्षाबलों को भारी सफलता मिली है तो वहीं दो वीर जवान भी शहादत को प्राप्त हो गए हैं। नम आंखों से पुलिस के आला अफसरों ने शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दी है। वहीं बीजापुर में शहीदों को गार्ड आफ आनर दिया गया। घटना में घायल दो जवानों को भारतीय वायु सेना द्वारा एयर लिफ्ट किया गया। घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है और रायपुर में बेहतर इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा मुठभेड़ के सबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया है जिला बीजापुर के थाना फरसेगढ़ के अन्नपुर - टेकामेटा जंगल क्षेत्रान्तर्गत डीवीसीएम हुंगा कर्मा, टीएससी एसजेडसीएम बंडी प्रकाश, भास्कर व मद्देड़ /नेशनल पार्क एरिया कमेटी के एसीएम बुचन्ना, पीएलजीए प्लाटून नम्बर 11 कमाण्डर मंगु हेमला, एसीएम सुभाष ओयाम, एसीएम सन्नू, एसीएम कृष्णा, एसीएम अजीत के साथ 40-45 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम माओवादियों के विरूद्ध अभियान पर निकली थी ।अभियान के दौरान दिनांक 09/02/2025 के प्रात: लगभग 08:00 बजे थाना मद्देड - फरसेगढ़ बॉर्डर एरिया के मध्य जंगल पहाड़ में डीआरजी, एसटीएफ एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो शाम 3-4 बजे तक रूक-रूक कर चलती रही। मौके से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक एवं माओवादी सामग्री बरामद किया गया है । मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर वर्दीधारी 11 महिला एवं 20 पुरूष कुल 31 हार्डकोर वर्दीधारी माओवादियों का शव हथियार सामग्री सहित बरामद हुआ । पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि नेशनल पार्क एरिया मुठभेड़ में मारे गये 31 माओवादियों में से अभी तक 05 माओवादियों की शिनाख्त हुई है, शेष मारे गये माओवादियों की पहचान की जा रही है ।

मुठभेड़ में मारे गये 05 माओवादियों की शिनाख्त हुई है, शेष मारे गये माओवादियों की पहचान की जा रही है।

1. हुंगा कर्मा, डीव्हीसीएम, वेस्ट बस्तर डिवीजन, ईनाम 08.00 लाख
2. मंगु हेमला, निवासी सावनार, थाना गंगालूर, पीपीसीएम प्लाटून नम्बर 11 कमाण्डर, ईनाम 05.00 लाख ईनाम
3. सुभाष ओयाम, एसीएम, नेशनल पार्क एरिया कमेटी, ईनाम 05.00 लाख
4. सन्नू, एसीएम, गंगालूर एरिया कमेटी, ईनाम 05.00 लाख
5. रमेश, नेशनल पार्क एरिया, पार्टी सदस्य, ईनाम 02.00 लाख

मुठभेड़ में बरामद हथियार एवं अन्य माओवादी सामग्री का विवरण :-

01. एके47 रायफल 01 नग, 03 मैगजीन, 56 नग कारतुस
02. एसएलआर रायफल 01 नग, 02 मैगजीन,06 नग कारतुस
03. 01 नग इंसास रायफल, 01 नग मैगजीन
04. 01 नग 303 रायफल, 01 मैगजीन, 02 नग कारतुस
05. 01 नग 315 बोर रायफल, 30 नग कारतुस
06. 12 बोर गन 08 नग
07. 01 नग बीजीएल राकेट लांचर बड़ा मय स्टेण्ड, 04 नग बीजीएल सेल
08. 06 नग बीजीएल लांचर, 14 नग सेल
09. 04 नग मज्जल लोडिंग रायफल
10. आईईडी 09 नग
11. लेजर प्रिंटर, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, माओवादी वर्दी, माओवादी साहित्य, दवाईया एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामदद्य

पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी., महानिरीक्षक सीआरपीएफ राकेश अग्रवाल और अन्य अधिकारी द्वारा मुठभेड़ स्थल से बरामद हथियार हथियार गोला बारूद माओवादी साहित्य और अन्य वस्तुओं का निरीक्षण किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 40 दिनों में बस्तर रेंज में कुल 65 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये द्य विशेष रूप से बीजापुर जिले में ही विगत 40 दिनों में कुल 56 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये द्यसरकार के मंशा के अनुसार और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ, बस्तर फाइटर्स एवं अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादियों संगठन के पास अब हिंसा छोडक़र आत्मसमर्पण करने के अलावा और कोई विकल्प नही बचा है इसलिए माओवादी संगठन से अपील है कि वे तत्काल हिंसात्मक गतिविधियों को छोडक़र समाज की मुख्य धारा में जुड़े अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे।

## हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी गिरफ्तार

- सोमनी पुलिस की कार्यवाही

**राजनांदगांव । आरएनएस**



जिले के सोमनी थाना क्षेत्र में मामूली विवाद पर एक युवक को चाकू मारकर घायल करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 07.02.2025 को ग्राम मनगटा मण्डई में आरोपीगण गुपेश साहू, भावेश राव, भुलउ तीनो मिलकर ग्राम मनगटा के प्रमोद ठाकुर के साथ वाद विवाद कर रहे थे जिसे देवेन्द्र सेन द्वारा समझाया गया था, जिस बात से गुस्सा होकर देवेन्द्र सेन जब अपने घर जा रहा था कबीर कुटी के पीछे पहूंचा ही था तभी तीनो आरोपी गुपेश साहू, भावेश राव, भुलउ एक राय होकर देवेन्द्र सेन को अशलील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हत्या करने की नियत से आरोपी गुपेश साहू और भावेश राव द्वारा देवेन्द्र सेन को पकडने पर भुलउ द्वारा अपने पास रखे चाकु से देवेन्द्र सेन के पीठ के नीचे 02 बार वार किया है, भीड को आता देखकर आरोपीगण वहॉ से भाग गये, जिसकी रिपोर्ट पर थाना सोमनी में धारा 296,106 बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया, विवेचना दौरान आरोपीगण गुपेश साहू उर्फ छोटा, आकाश निर्मलकर उर्फ भुलउ उर्फ मामा को हिरासत में लेकर आरोपी आकाश निर्मलकर उर्फ भुलउ उर्फ मामा से पुछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो घटना दिनांक को देवेन्द्र सेन के साथ वाद विवाद का बदला लेने जान से मारने की नियत से गुपेश साहू उर्फ छोटा एवं भावेश राव द्वारा देवेन्द्र सेन को पकडने पर अपने पास रखे चाकू से 02 बार मारना एवं भीड आते देखकर से वहॉ से भागना तथा घटना में प्रयुक्त चाकू को वही पास में बन रहे मकान में रखे खपरैल में छिपाना बताये जिसे आरोपी के निशानदेही पर जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। आरोपीगण द्वारा धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपीगण के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड भर भेजा गया है। प्रकरण में एक आरोपी का गिरफतारी करना शेष है।

## जशपुर में आयोजित स्पेस ऑन व्हील्स कार्यक्रम में पहुंचे इसरो के वैज्ञानिक डॉ. आर श्रीनिवास

- कलेक्टर रोहित व्यास की पहल पर अन्वेषण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मिला अंतरिक्ष विज्ञान का अनोखा अनुभव

**जशपुरनगर । आरएनएस**



जिले के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और इसरो की उपलब्धियों से परिचित कराने के लिए 'स्पेस ऑन व्हील्स' कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय जशपुर में अन्वेषण कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास की पहल और इसरो (ढ्ढस्क्रह्र) के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

स्पेस साइंस और टेक्नोलॉजी के मॉडल और कॉन्सेप्ट्स से सुसज्जित वाहन केंद्रीय विद्यालय जशपुर के प्रांगण में डेमोंसट्रेशन के लिए खड़ा रहा। 'स्पेस ऑन व्हील्स' कार्यक्रम के लिए नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर हैदराबाद के वैज्ञानिक व हेड, स्टूडेंट एंड पब्लिक आउटरीच डिविजन डॉ. आर. श्रीनिवास विशेष रूप से हैदराबाद से आए। कार्यक्रम में समाजसेवी राजीव नंदे, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. भटनागर, संकल्प प्राचार्य विनोद गुप्ता, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार की उपस्थिति में आयोजित हुआ। वैज्ञानिक डॉ आर श्रीनिवास ने विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान को जानने का अवसर उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास की सराहना की और इसरो की उपलब्धियों और अंतरिक्ष विज्ञान के कॉन्सेप्ट्स की जानकारियां दी। स्पेस आन व्हील्स में सुसज्जित स्पेस मॉडल्स चंद्रयान, मंगलयान, आरएलवी, पीएसएलवी, जीएसएलवी, रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट, कम्युनिकेशन सैटेलाइट, नेवीगेशन सेटेलाइट और उनकी कार्यप्रणाली व संभावनाओं के विषय में अधिकारियों को बताया।

कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी को संबोधित करते हुए भारत के पहले रॉकेट को साइकिल पर ले जाने की जानकारी देते हुए डॉ. विक्रम साराभाई के द्वारा इसरो को एक वैश्विक स्पेस एजेंसी के रूप में स्थापित करने के संघर्ष का भी उल्लेख किया। उन्होंने यह भी कहा कि आज हम गर्व के साथ इसरो का नाम लेते हैं। भारत अब अंतरिक्ष अनुसंधान में दुनिया का प्रमुख देश बन चुका है। विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढऩे के लिए ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए। इसमें करियर की अपार संभावनाएँ हैं। वे चाहते हैं कि आने वाले स्पेस मिशन में जशपुर की प्रतिभाएं भी रहे।

समाजसेवी राजीव नंदे ने कहा कि उत्सुकता विज्ञान की जननी होती है। कार्यक्रम के जशपुर में आयोजन के उद्देश्य के साथ प्राचीन ऋषियों जैसे आर्यभट्ट के कार्यो का उदाहरण देते हुए उन्होंने प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पर विश्वास रखने को कहा।

प्राचार्य विनोद गुप्ता ने कार्यक्रम के विषय में अतिथियों को संक्षिप्त जानकारी दी। केंद्रीय विद्यालय, मॉडल स्कूल और प्रयास विद्यालय के विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान की गतिविधियों को समझा। इस अवसर पर यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडेय, मॉडल स्कूल के प्राचार्य वकारूज्जमा खान, नव संकल्प के विनीत पाठक सहित केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## अंतर विभागीय लीड एजेंसी के अध्यक्ष संजय शर्मा ने किया जिले के लैक स्पॉट्स का निरीक्षण


**कवर्धा-रायपुर । आरएनएस**

दिनांक 10 फरवरी 2025 को पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर अंतर विभागीय लीड एजेंसी के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कुकदूर क्षेत्र अंतर्गत अगरपानी घाटी का दौरा किया, जहां पूर्व में किए गए सुधारात्मक कार्यों को संतोषजनक बताया और शेष आवश्यक सुधारों के संबंध में निर्देश दिए। इसके पश्चात, शर्मा ने थाना कवर्धा क्षेत्र के महत्वपूर्ण ब्लैक स्पॉट्स, विशेष रूप से भोरमदेव तिराहा से मिनीमाता चौक तथा थाना पिपरिया क्षेत्र में स्थित बालाजी पेट्रोल पंप से इंदौरी बस स्टैंड तक के चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, थाना प्रभारी कुकदूर जे. एल. सांडिल्य तथा यातायात विभाग के अन्य अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे। संजय शर्मा ने सडक़ सुरक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभागों को सख्ती से सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि—

- प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ किया जाए।
- सडक़ों पर उचित संकेतक, यातायात जागरूकता अभियान एवं संरचनात्मक बदलाव सुनिश्चित किए जाएं ताकि दुर्घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सके। जिन स्थानों पर पहले से सुधारात्मक कार्य किए गए हैं, वहां उनकी प्रभावशीलता की नियमित समीक्षा की जाए। जिन क्षेत्रों में अभी सुधार आवश्यक हैं, वहां बिना किसी देरी के कार्यवाही की जाए। अंत में, शर्मा ने यातायात विभाग एवं स्थानीय थाना अधिकारियों को पूरी सक्रियता के साथ ब्लैक स्पॉट्स के सुधार की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## चकचकवा पहाड़ी पर स्थित हनुमानगढ़ी में बढ़ गई श्रद्धालुओं की संख्या

**कोरबा । आरएनएस**



नगर की चकचकवा पहाड़ी पर स्थित हनुमानगढ़ी का आकर्षण शीत ऋतु में और भी निखर गया है। प्रकृति की हरीतिमा इस स्थान को पहले से ही लोकप्रिय बना चुकी है और अब नेशनल हाईवे पर इसकी स्थिति आने के साथ इसका दायरा और ज्यादा बढ़ता जा रहा है। विभिन्न राज्यों के लोगों की पहुंच धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के लिए यहां लगातार हो रही है।

हनुमानगड़ी नामक स्थान की प्राचीनता के बारे में स्पष्ट जानकारी तो नहीं है लेकिन स्थाई लोगों का कहना है कि जब से यह नगर अस्तित्व में आया है तब से यहां की भौगोलिक संरचना में हनुमानगढ़ शामिल है। कई प्रकार की चट्टानों की उपस्थिति में काफी ऊंचाई पर राम और हनुमान के प्राचीन मंदिर हैं। यहां पर एक स्थान पर दो पैरों के निशान बने हुए हैं। जिनके बारे में की बदलती है कि महाभारत काल में वनवास के समय भीम अपने भाइयों के साथ यहां पहुंचे थे।

कोरबा जिला गठन के बाद इस स्थान को विकसित करने के लिए काफी प्रयास किए गए। कटघोरा में नागरिकों की एक समिति ने इस स्थान को पहचान देने के लिए जरूरी पहल की और इस दिशा में कई प्रकार से प्रयत्न किया। कालांतर में अशोक अग्रवाल की कलेक्टर के रूप में पद स्थापना होने पर हनुमानगढ़ को नया स्वरूप देने के लिए कई प्रकार के काम कराए गए हनुमानगढ़ में राम का भव्य मंदिर बनाया गया और शिव पंचायतन की भी व्यवस्था की गई। कटघोरा अंबिकापुर मार्ग पर बाय पास के नजदीक पहाड़ी पर स्थित हनुमानगढ़ी समय के साथ एक विशिष्ट स्थान बन चुका है। पहाड़ी से कटघोरा नगर और आसपास का नजारा लोगों को काफी आकर्षित करता है। छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से कई प्रकार के कार्यों को करने की आवश्यकता यह यहां के लोग महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पर्यटन की असीम संभावनाएं इस इलाके में मौजूद है इसलिए इस पर विचार करने के साथ विभिन्न कार्यों को क्रियान्वित कराया जाना चाहिए।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU